हरिभूमि
# मालवा भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, बुधवार 13 मई 2026

04 डेढ़ साल बाद लौटी ठगी की पूरी रकम देवास पुलिस...

07 जिले की विकास परियोजनाओं के कार्य में...




**खबर संक्षेप**

### अब प्राइवेट छात्र नहीं पढ़ पाएंगे प्रैक्टिकल वाले विषय

**सीहोर।** मप्र उच्च शिक्षा विभाग ने स्नातक (यूजी) और स्नातकोत्तर (पीजी) स्तर पर शिक्षा की गुणवत्ता सुधारने के लिए एक बड़ा बदलाव किया है। अब प्रदेश के किसी भी कॉलेज या यूनिवर्सिटी में उन विषयों की प्राइवेट (स्वाध्यायी) पढ़ाई पूरी तरह बंद कर दी गई है, जिनमें प्रैक्टिकल कार्य अनिवार्य होता है। विभाग का मानना है कि प्रैक्टिकल के बिना इन विषयों की पढ़ाई अधूरी है और इससे डिग्री की प्रामाणिकता पर सवाल उठते हैं। बता दें कि सीहोर जिले में 14 शासकीय कॉलेज और 40 से अधिक निजी कॉलेज हैं जहां पारंपरिक विषयों की पढ़ाई होती है। अब तक आर्ट-कॉमर्स के साथ साइंस के स्टूडेंट भी प्राइवेट फार्म भरकर पढ़ाई करते थे। लेकिन इस सत्र से प्रैक्टिकल वाले विषयों को प्राइवेट छात्रों के लिए प्रतिबंधित कर दिया गया है। अब छात्रों को फिजिक्स, केमेस्ट्री, बायलॉजी और अन्य विज्ञान संकाय के विषयों की पढ़ाई करने के लिए अनिवार्य रूप से नियमित (रेगुलर) छात्र के रूप में कॉलेज में प्रवेश लेना होगा। बता दें कि इन दिनों कॉलेजों में ऑनलाइन एडमिशन का दौर चल रहा है। यूजी और पीजी में एडमिशन के लिए विद्यार्थी 15 मई तक रजिस्ट्रेशन करवा सकते हैं। यूजी में एडमिशन के लिए पहली सूची 20 मई और पीजी के लिए 21 मई को सूची जारी की जाएगी। इसके बाद फीस भरकर विद्यार्थी एडमिशन पक्का करवाएंगे।

### 'हरिभूमि टीम' ने शहर का जायजा लिया तो प्रधानमंत्री के संबोधन का व्यापक असर देखने को मिला

# पीएम मोदी की 'देशहित की अपील' का शहर भर में असर, पेट्रोल और सोने की मांग में आई कमी

'हरिभूमि' की पड़ताल में सामने आया कि शहर के सर्राफा बाजार में सन्नाटा पसरा हुआ है। रोज की अपेक्षा कम ग्राहक पहुंचे।

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

पश्चिम एशिया में जारी युद्ध और वैश्विक सप्लाई चेन में आ रही बाधाओं के बीच प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश की जनता से एक दिन पहले भावुक अपील की थी। इस अपील का असर जमीनी स्तर पर दिखा। जिला मुख्यालय पर जब 'हरिभूमि टीम' ने शहर का जायजा लिया तो प्रधानमंत्री के संबोधन का व्यापक असर देखने को मिला।

प्रधानमंत्री ने देशवासियों से ईंधन बचाने और सार्वजनिक परिवहन का उपयोग करने का आग्रह किया था। हरिभूमि की टीम ने शहर के विभिन्न पेट्रोल पंपों का जायजा लिया। रिपोर्ट के अनुसार आम दिनों के मुकाबले पेट्रोल पंपों पर ग्राहकों की संख्या में काफी कमी आई है।


### सर्राफा बाजार में छाई सुस्ती, सोने की खरीदारी थमी

विदेशी मुद्रा भंडार को बचाने के लिए पीएम मोदी ने देशवासियों से एक साल तक सोना न खरीदने और शादियों में सोने के दान से बचने का संकल्प लेने को कहा था। 'हरिभूमि' की पड़ताल में सामने आया कि शहर के सर्राफा बाजार में सन्नाटा पसरा हुआ है। रोज की अपेक्षा कम ग्राहक पहुंचे।

**पीएम मोदी ने की यह अपील**

- ईंधन बचत: पेट्रोल-डीजल का कम उपयोग और वर्क फ्रॉम होम को बढ़ावा।
- पब्लिक ट्रांसपोर्ट: निजी वाहनों के बजाय बस या ट्रेन का उपयोग।
- स्वदेशी पर्यटन: एक साल तक विदेश यात्रा टालकर देश के भीतर ही घूमने का संकल्प।
- विदेशी मुद्रा की बचत: सोने की खरीदारी और अनावश्यक आयात से दूरी।





**हरिभूमि ग्राउंड रिपोर्ट**

**देश पहले, सुविधा बाद में**



सरकार अकेले आर्थिक बोझ नहीं उठा सकती। यदि हमारे पेट्रोल बचाने से देश का पैसा बचता है तो हम अपनी आदतों में बदलाव के लिए तैयार हैं।

\- नागरिक

**संकल्प का पूरा पालन करेंगे**



सोना खरीदना हमारी परंपरा रही है, लेकिन अगर पीएम कह रहे हैं कि इससे विदेशी मुद्रा भंडार पर असर पड़ता है तो हम एक साल तक खरीदारी न करने के संकल्प का पूरा पालन करेंगे।

.... गृहणी

**खाना-पीना छोड़ दें**



यह कोई तर्क नहीं है। देश आज से नहीं आजादी के बाद से संचालित हो रहा है, इस तरह की अपील पहले कभी किसी प्रधानमंत्री द्वारा नहीं की गई है, क्यो खाना पीना बंद कर दें। क्या पानी से सब्जी बनाएं।

-अशोक प्रजापति, नागरिक

**सुर्खियां बटोरने का हथकंडा**



मोदीजी की ये 10 अपीलें केवल सुर्खियां बटोरने के लिए हैं। हकीकत यह है कि देश का गरीब और किसान आज बदहाली के आंसू रो रहा है। सरकार जनता पर अपनी इच्छाएं थोपने के बजाय अर्थव्यवस्था को पटरी पर लाने की कोशिश करे।

-विवेक राठौर, कांग्रेस नेता

**पहले देश, फिर व्यापार**



प्रधानमंत्री जी की अपील का पालन करना हम सभी का नैतिक कर्तव्य है। हम एक ऐसे समाज का निर्माण करना चाहते हैं जहां राष्ट्र सर्वोपरि का भाव हर व्यापारी के मन में हो।

-विपिन सोनी, अध्यक्ष सर्राफा व्यापारी संघ सीहोर

## शिक्षक वर्ग-1 भर्ती 2023 के पात्र अभ्यर्थियों ने किया मां के दरबार मे सद्बुद्धि हवन

हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा

मध्यप्रदेश शिक्षक वर्ग-1 भर्ती 2023 के पात्र अभ्यर्थी पिछले तीन वर्षों से अपनी नियुक्ति की मांग को लेकर लगातार संघर्ष कर रहे हैं। अभ्यर्थियों का कहना है कि शासन द्वारा कुल 8720 पद निकाले गए थे, लेकिन उनमें से केवल 2901 पदों पर ही भर्ती की गई, जबकि शेष हजारों पद आज भी रिक्त पड़े हुए हैं। इससे हजारों योग्य एवं पात्र अभ्यर्थियों का भविष्य अधर में लटक गया है। अभ्यर्थियों ने अपनी मांगों को शासन और प्रशासन तक पहुँचाने के लिए हर संभव प्रयास किए। उन्होंने ज्ञापन सौंपे, जनप्रतिनिधियों से मुलाकात की, सोशल मीडिया अभियान चलाए तथा शांतिपूर्ण तरीके से अपनी आवाज उठाई। इसके बावजूद जब उनकी मांगों पर कोई ठोस निर्णय नहीं लिया गया, तो निराश होकर अभ्यर्थी माँ बगलामुखी के दरबार मे पहुँचे जहाँ




सद्बुद्धि हवन कर अपनी पीड़ा एवं मांगों को ईश्वर के समक्ष रखा। अभ्यर्थियों का कहना है कि यह केवल नौकरी का मुद्दा नहीं, बल्कि हजारों युवाओं के सपनों, परिवारों की उम्मीदों और वर्षों की मेहनत का सवाल है। कई अभ्यर्थी आर्थिक, मानसिक और सामाजिक दबाव का सामना कर रहे हैं। उनका मानना है कि जब पद पहले से स्वीकृत और रिक्त हैं, तो उन्हें भरने में देरी युवाओं के साथ अन्याय है। इसी क्रम में सोमवार को ह्लवेटिंग शिक्षकह्व माँ बगलामुखी धाम में अपनी अर्जी लेकर यज्ञ एवं हवन करने पहुंचे। अभ्यर्थियों ने सरकार से निवेदन किया है कि जल्द से जल्द पद वृद्धि करते हुए द्वितीय काउंसलिंग आयोजित की जाए, ताकि शेष पात्र अभ्यर्थियों को भी नियुक्ति का अवसर मिल सके। अभ्यर्थियों का कहना है कि वे केवल अपने अधिकार और न्याय की मांग कर रहे हैं। हवन-यज्ञ के माध्यम से अभ्यर्थियों ने सरकार और जिम्मेदार अधिकारियों तक अपनी आवाज पहुँचाने का प्रयास किया। उनका कहना है कि यदि शीघ्र निर्णय नहीं लिया गया, तो हजारों युवाओं का भविष्य अंधकारमय हो सकता है। अभ्यर्थियों ने शासन से मांग की है कि रिक्त पदों को भरते हुए जल्द दूसरी काउंसलिंग कराई जाए, ताकि लंबे समय से प्रतीक्षा कर रहे युवाओं को राहत मिल सके।

## नलखेड़ा सर्किल-20 में जनगणना का प्रथम चरण शत प्रतिशत पूर्ण



हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा

जनगणना 2027 के अंतर्गत प्रथम चरण मकान सूचीकरण कार्य में नलखेड़ा ग्रामीण के सर्किल-20 ने निर्धारित समय-सीमा से पूर्व शत प्रतिशत कार्य पूर्ण कर उपलब्धि हासिल की है। सर्किल-20 के सुपरवाइजर संदीप परिहार द्वारा कार्य पूर्ण होने पर प्रगणकों को मिठाई खिलाकर बधाई दी गई। इस दौरान ओमप्रकाश शर्मा (पालडिया-124), महेश कुमार जैन (गोंदलमऊ-125), गिरिराज पाटीदार (गोंदलमऊ-126), अनिल पाटीदार (सिया-127), जाकिर मंसूरी (सिया-128), कालू सिंह पेजवाल (कबूली-129) एवं तेज सिंह चौहान (माधोपुर-130) को उनके उत्कृष्ट कार्य के लिए बधाई दी गईं। तहसीलदार प्रियंक श्रीवास्तव एवं नायब तहसीलदार रामगोपाल शर्मा ने भी सर्किल-20 के सभी प्रगणकों एवं सुपरवाइजर को जनगणना कार्य समयपूर्व पूर्ण करने पर बधाई प्रेषित कीं। उन्होंने कहा कि जनगणना का कार्य शासन की महत्वपूर्ण योजनाओं एवं जनकल्याणकारी नीतियों के निर्धारण में अहम भूमिका निभाता है।

## स्वास्थ्य विभाग की एएनएम खुद लापरवाही का शिकार मां गायत्री हॉस्पिटल में प्रसूता की मौत पर भारी बवाल

### परिजन का आरोप, इंजेक्शन लगने के 5-7 मिनट बाद हो गई मौत



**सीहोर।** जिला मुख्यालय स्थित मां गायत्री हॉस्पिटल में सोमवार को उस समय चीख-पुकार और हंगामा मच गया, जब स्वास्थ्य विभाग की महिला कर्मचारी मयूरी राठौर की प्रसव के बाद संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई, जो हाथ दूसरों का टीकाकरण कर उनकी जान बचाते थे, आज उन्हीं की सांसें एक निजी अस्पताल की चौखट पर थम गईं।

मृतका मयूरी राठौर के पति मनीष राठौर ने बताया कि मयूरी को डिलीवरी के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया था। उन्होंने एक स्वस्थ बच्चे को जन्म दिया और रात भर वह पूरी तरह ठीक थीं। मनीष का आरोप है कि सुबह 9.30 बजे तक मेरी पत्नी बिल्कुल स्वस्थ थी। लेकिन उसके कुछ ही देर बाद डॉक्टर ने एक इंजेक्शन लगाया और महज 5-7 मिनट के भीतर उसकी तबीयत बिगड़ने लगी। देखते ही देखते मयूरी ने दम तोड़ दिया। परिजनों का आरोप है कि अस्पताल प्रबंधन ने स्थिति बिगड़ने पर उन्हें कोई स्पष्ट जानकारी नहीं दी और न ही मृतका से मिलने दिया गया।

### शायद चाय सांस नली में अटक गई होगी

इस गंभीर मामले में अस्पताल की संचालक डॉ. सुजाता परमार ने लापरवाही के आरोपों को खारिज किया है। हालांकि उन्होंने मौत का जो कारण बताया है वह चर्चा का विषय बना हुआ है। डॉ. परमार ने कहा ऑपरेशन सफल रहा था और सुबह तक मरीज ठीक था। शायद परिजनों ने 9 बजे उन्हें चाय-पानी दिया होगा, जो उनकी सांस की नली में अटक गया। ऐसा मेरा सोचना है।

**एएनएम थीं मयूरी**



मयूरी राठौर खुद स्वास्थ्य विभाग में एएनएम के पद पर तैनात थीं। एक स्वास्थ्य कर्मी, जो खुद चिकित्सा प्रक्रियाओं को बेहतर समझती थी, उसके साथ हुई इस अनहोनी ने अस्पताल की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं।

### तीन डॉक्टरों की टीम ने किया पीएम

हंगामे की सूचना मिलते ही पुलिस बल ने मौके पर पहुंचकर स्थिति को संभाला। पुलिस की निगरानी में तीन डॉक्टरों की टीम ने मयूरी के शव का पोस्टमार्टम किया। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट और परिजनों के बयानों के आधार पर निष्पक्ष जांच की जाएगी।

### अभा क्षत्रिय महासभा का सदस्य प्रतिमाह वीसी का आयोजन

# भारत के प्रथम स्वतंत्रता संग्राम की शुरुआत में हुए शहीदों को किया याद, दी श्रद्धांजलि

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

10 मई 1857 को मेरठ में भारत के प्रथम स्वतंत्रता संग्राम की शुरुआत हुई थी। जिसे सिपाही विद्रोह भी कहां जाता है। उक्त समय भारतीय सैनिकों ने ब्रिटिश सेना के खिलाफ बगावत कर दी और दिल्ली की ओर कूच किया। इस क्रांति का मुख्य कारण चरवी बाले कारतूसों का प्रयोजन था।

10 मई 1857 की वह ऐतिहासिक दिन केवल एक सैनिक विद्रोह नहीं थीं, वल्कि भारतीय जनमानस में वर्षों से सुलग रहे असंतोष का विस्फोट था।

इस एतिहासिक 10 मई 1857 की कान्ति मेरठ से सुरु करनें वाले देशभक्त वीर गुर्जर धन सिंह कोतवाल सहित असंख्य क्रान्तिकारियों में सभी जातियों से थे, जिनमें अधिकांश राजपूत समाज से थे। सभी क्रान्तिकारियों जिसे क्रांति दिवस भी कहां। इस दिन को अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा जिला सीहोर द्वारा सभी क्रांति कारियों को याद करते हुए दो मिनट का मोन धारण करते हुए श्रद्धांजलि, नमन वंदन किया।



अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा के लगभग 36 सक्रिय सदस्य प्रति माह वीसी का आयोजन इस आशय के साथ करते हैं कि समाज के यह व्यक्ति मिलकर सामाजिक गतिविधियों ,एक दूसरे से पारस्परिक संपर्क होता रहे। जागरूकता आती है। विभिन्न सामाजिक गतिविधियों के आयोजन के सम्बन्ध में भी चर्चा होती है। युवाओं को आगे बढ़ाने पर जोर दिया जाता है, क्योंकि यदि हमारा युवा सक्रिय, मजबूत व आपसी सहमति का भाव होगा तों हमारा परिवार, समाज,व देश मजबूत होगा व प्रगति की ओर अग्रसर रहेगा।

वीसी आयोजन का हमारा यही मुख्य उद्देश्य हैं। वीसी का आयोजन वर्ष 2004-05 से निरन्तर करते आ रहे हैं। तभी हमारा अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा संगठन मजबूत हो कर निरन्तर समाज हित में कार्य कर रहे हैं। उक्त जानकारी गणेश सिंह चौहान अध्यक्ष द्वारा कहा गया। कार्यक्रम का संचालन व श्रद्धांजलि ठाकुर गोपाल सिंह संगठन सचिव अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा द्वारा किया गया। बैठक में डाक्टर महेंद्र सिंह राठौड़, जितेन्द्र सिंह राठौड़, मुकेश दरबार, धीरेन्द्र सिंह राजावत, शिवशंकर सिंह, गोपाल सिंह ठाकुर,राजू सिकरवार, विजय सिंह तोमर, रमेश सिंह चौहान,लखन सिंह गौर, अजय सिंह पंवार, शिवनाथ सिंह जादौन, कृष्णपाल सिंह सेंगर, सियाराम गोतम, रामजी सिंह,शिवजी सिंह कर्णपाल सिंह चौहान, महेंद्र सिंह चौहान, संदीप तोमर, इंद्रपाल सिंह गहरवार,आदि राजपूत सरदार उपस्थित रहे।

## जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत ग्राम मोल्याखेड़ी में जल चौपाल आयोजित

**नलखेड़ा।** जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत तहसील की ग्राम पंचायत मोल्याखेड़ी में जल चौपाल का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में किसानों को जल संरक्षण, संवर्धन एवं प्रभावी जल प्रबंधन के संबंध में विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। जल चौपाल में वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. आर.पी.एस. शक्तावत एवं डॉ. मनीष कुमार ने किसानों को वर्षा जल संरक्षण, भू-जल स्तर बढ़ाने, खेतों में जल का संतुलित उपयोग तथा आधुनिक सिंचाई तकनीकों के महत्व के बारे में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में जल संरक्षण केवल आवश्यकता नहीं, बल्कि भविष्य की पीढ़ियों के लिए महत्वपूर्ण जिम्मेदारी भी है। कार्यक्रम में वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी नलखेड़ा रायसिंह मौर्य ने किसानों को खेत तालाब, मेड़बंदी, ड्रिप एवं स्प्रिंकलर सिंचाई जैसी



जल संरक्षण तकनीकों को अपनाने के लिए प्रेरित किया। जल चौपाल के दौरान किसानों ने जल संरक्षण से संबंधित विभिन्न विषयों पर विशेषज्ञों से चर्चा की तथा खेती में आने वाली समस्याओं के समाधान भी प्राप्त किए। कार्यक्रम में ग्रामीणजन, किसान उपस्थित रहे।

### भारतीय डाक विभाग अब आपके घर से ही कलेक्ट करेगा पार्सल

**सीहोर।** प्राइवेट कंपनियों की तर्ज पर अब भारतीय डाक विभाग भी ग्राहकों के घर से पार्सल बुकिंग हेतु प्राप्त करेगा । इस सुविधा को पोस्टमैन पिकअप सुविधा का नाम दिया गया है । यदि कोई भी ग्राहक देश के भीतर अथवा विदेश में कोई पार्सल भेजना चाहता है तो डाक विभाग के कर्मचारी निर्धारित मानदंडों की पूर्ति होने पर उन पार्सलों को ग्राहक के घर अथवा ऑफिस से स्वयं प्राप्त करके उस पार्सल की बुकिंग डाकघर में करवाएंगे तथा बाद में रसीद ग्राहक को प्रदान कर दी जाएगी । सीहोर प्रधान डाकघर के वितरण क्षेत्र में पार्सल पिकअप हेतु ग्राहक वितरण कार्यपालक सीहोर से मोबाइल नंबर 7024253290 पर संपर्क कर सकते हैं । डाक विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा आमजनों से इस सुविधा का लाभ उठाने की अपील की है ।

## खबर संक्षेप

### पेट्रोल फेंककर आग लगाने वाले आरोपियों को पुलिस ने किया गिरफ्तार



**देवास।** शहर के नई आबादी क्षेत्र में घर के बाहर खड़ी बाइक में आग लगाने के मामले में पुलिस को सफलता मिली है। कोतवाली पुलिस ने इस मामले में तीन आरोपियों को सीहोर से गिरफ्तार किया है। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने और सीसीटीवी फुटेज सामने आने के बाद पुलिस ने आरोपियों की तलाश शुरू की थी। तीनों आरोपी वारदात के बाद देवास से फरार होकर सीहोर चले गए थे, जहां से पुलिस ने उन्हें पकड़ा। मंगलवार को पुलिस आरोपियों को घटना स्थल पर भी लेकर पहुंची थी। गिरफ्तार आरोपियों में शुभम उर्फ गोलू, लक्की वेद और सुमित गुर्जर शामिल हैं। कोतवाली थाना प्रभारी श्याम चंद्र शर्मा ने बताया कि तीनों आरोपियों को सीहोर से गिरफ्तार कर लिया गया है और आगे की कार्रवाई की जा रही है। पुलिस द्वारा की गई इस कार्रवाई से अपराध करने वाले अपराधियों में भय का माहोल बना हुआ है।

### ऑपरेशन साइबर, 45% सक्सेस रेट के साथ देवास पुलिस का रिकॉर्ड एक्शन

# डेढ़ साल बाद लौटी ठगी की पूरी रकम देवास पुलिस को मिली बड़ी कामयाबी

### साइबर ठगों पर देवास पुलिस का शिकंजा, 2.60 करोड़ से ज्यादा राशि वापस कराकर बनाया रिकॉर्ड

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास




साइबर ठगी के मामलों में अब पीड़ितों की रकम वापस लौटने लगी है। देवास पुलिस द्वारा शुरू किए गए "ऑपरेशन साइबर" अभियान के तहत हाटपीपल्या निवासी प्रभुलाल के साथ हुई 1 लाख की ऑनलाइन ठगी की पूरी राशि करीब डेढ़ साल बाद उनके बैंक खाते में वापस कराई गई। पुलिस अधीक्षक पुनीत गेहलोद के निर्देशन में जिले में साइबर अपराधों पर प्रभावी नियंत्रण और पीड़ितों को राहत देने के लिए विशेष साइबर तंत्र तैयार किया गया है। इसके तहत जिला साइबर सेल के माध्यम से हर थाने में दो-दो पुलिसकर्मियों को "सायबर मित्र" के रूप में प्रशिक्षित किया गया है, जो साइबर फ्रॉड मामलों में तत्काल कार्रवाई कर रहे हैं। पुलिस द्वारा गांव, कस्बों और वार्डों में "पुलिस चौपाल" लगाकर लोगों को जागरूक किया जा रहा है।

नागरिकों को साइबर ठगी होने पर तुरंत डायल-1930 और डायल-112 पर शिकायत दर्ज कराने की सलाह दी जा रही है, ताकि समय रहते राशि होल्ड कराई जा सके। जानकारी के अनुसार 17 जनवरी 2025 को हाटपीपल्या निवासी प्रभुलाल ने 1 लाख की साइबर ठगी की शिकायत दर्ज कराई थी। शिकायत मिलते ही जिला साइबर सेल ने एनसीआरपी पोर्टल पर मामला दर्ज कर लगातार मॉनिटरिंग की। इसके बाद 7 मई 2026 को पीड़ित के खाते में पूरी राशि हाटपीपल्या थाना प्रभारी दीपक यादव के माध्यम से वापस कराई गई। एसपी पुनीत गेहलोद ने बताया कि साइबर ठगी से बचने के लिए किसी भी अनजान व्यक्ति से बैंक डिटेल, ओटीपी या निजी जानकारी साझा नहीं करना सबसे सुरक्षित उपाय है। साथ ही ठगी होने पर तुरंत शिकायत दर्ज कराने से रकम वापस मिलने की संभावना काफी बढ़ जाती है। देवास पुलिस के अनुसार 1 नवंबर 2024 से चलाए जा रहे "ऑपरेशन साइबर" के तहत अब तक कुल 2,60,81,609 की ठगी गई राशि वापस कराई जा चुकी है, जबकि 2,58,61,485 की राशि विभिन्न मामलों में होल्ड कराई गई है, जिसे वैधानिक प्रक्रिया के बाद पीड़ितों को लौटाया जाएगा। पुलिस रिकॉर्ड के मुताबिक अब तक साइबर फ्रॉड की 2815 शिकायतें प्राप्त हुईं, जिनमें से 1280 मामलों में राशि होल्ड कराने में सफलता मिली है। करीब 45 प्रतिशत सक्सेस रेट के साथ देवास पुलिस साइबर अपराधों के खिलाफ तेजी से कार्रवाई कर रही है।

# शहर के सिविल लाइन थाना क्षेत्र में प्रॉपर्टी बिल्डर पर हुआ हमला

### डंडों से की मारपीट, जांच शुरू

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास



मंगलवार सुबह करीब 11 बजे एक प्रॉपर्टी कारोबारी पर सिविल लाइन रोड पर हमला हुआ है। उन्हें डंडों से पीटा गया, जिससे वे घायल हो गए। घायल कारोबारी को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। प्रॉपर्टी कारोबारी राहुल सोनी सिविल लाइन रोड स्थित एक सब्जी दुकान पर रुके थे। सब्जी लेने के बाद जब वे अपनी कार में बैठने लगे, तभी एक अन्य कार से आए तीन लोगों ने उन्हें घेर लिया।

आरोपियों ने राहुल से कहा कि उनकी कार, राहुल की कार से टकराई है। राहुल ने उन्हें थाने चलकर बात करने को कहा। इस दौरान आरोपियों ने अपनी कार से डंडे निकाले और राहुल पर हमला कर दिया। मारपीट में राहुल के हाथ में चोट आई है। उन्होंने आरोप लगाया कि हमलावरों ने उन्हें एक प्रकरण से दूर रहने की धमकी दी और जान से मारने की बात भी कही। पीड़ित राहुल सोनी ने आशंका जताई है कि उनका जमीन से जुड़ा विवाद चल रहा है और यह हमला उसी रंजिश के तहत किया गया हो सकता है। हमले के बाद राहुल के अंकल और छोटे भाई मौके पर पहुंचे। वे राहुल को सिविल लाइन थाने ले गए, जहां से उन्हें उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया।

पुलिस ने मौके पर पहुंचकर दुकानदारों से पूछताछ की। साथ ही आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज भी खंगाली जा रही है। सीएसपी सुमीत अग्रवाल ने बताया कि कार सवार लोगों द्वारा मारपीट की बात सामने आई है। साथ ही कार टकराने को लेकर विवाद की जानकारी भी मिली है। पुलिस सभी पहलुओं से मामले की गहनता से जांच कर रही है।

# समस्याओं को लेकर ब्लॉक कांग्रेस ने सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ बागली




ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष दिलीप गुर्जर के नेतृत्व में बागली नगर की मुलभूत समस्याओं को लेकर नगर परिषद बागली के सीएमओ प्रमोद बरुआ को ज्ञापन दिया गया।ज्ञापन में उल्लेख किया गया कि नगर में व्याप्त जल संकट के कारण विभिन्न वार्डों में नल न तो ठीक से आते है न ही उनके आने का समय निर्धारित है, अतः प्रत्येक वार्ड में नल आने का समय व अवधि सुनिश्चत हों, साथ ही वर्तमान समय में मौसम की अनिश्चितता की वजह से मौसमी बीमारियां फैल रही है नगर की गटरों की नियमित सफाई हो व उनमें दवा का छिड़काव हों, जिससे नागरिकों को बिमारियों से बचाव हो सके। ज्ञापन में मांग की गई कि बैहरी फाटा से थाना चौराहे तक निर्मित सड़क डिवाइडर व पेवर ब्लाक की गुणवत्ता की जांच पुनः कराई जाए। उक्त सभी मांगों का निराकरण सात दिनों में किया जाए अन्यथा ब्लाक कांग्रेस कमेटी आंदोलन करेगी। इस दौरान नगर परिषद सीएमओ, पार्षद व अन्य लोगों में बहस भी हुई। सीएमओ के व्यवहार को लेकर नाराजगी भी व्यक्त की गई। ज्ञापन का वाचन ब्लाक कांग्रेस कमेटी के मिडिया प्रभारी अशोक वर्मा ने किया। ज्ञापन सौंपने वालों में मुख्य रूप से वरिष्ठ कांग्रेसी बसंती लाल मोदी, ओम शर्मा, तेरसिंह देवड़ा, इन्द्रनारायण पंचोली, विजय यादव, कमल सोनी, युनूस शाह, बुरहानुद्दीन बोहरा, अजीज मंसूरी, रितेश भाटी, जितेंद्र पाचोरिया, अश्विन गुर्जर मिंटु, मोइन भूट्टो, कपिल टांक, आयुष यादव, टिंकू भाटी उपस्थित थे।

# भाजपा जिला कार्यालय में नियमित मासिक बैठक संपन्न, संगठनात्मक गतिविधियों पर हुआ मंथन

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास




भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय देवास में मंगलवार शाम 4 बजे नियमित मासिक बैठक आयोजित की गई। बैठक में भाजपा जिला अध्यक्ष डॉ. रायसिंह सैंधव ने शीर्ष नेतृत्व की अपेक्षानुसार सहभागिता करते हुए आगामी संगठनात्मक कार्यक्रमों, पूर्व निर्धारित बैठक एजेंडा एवं जिला प्रशिक्षण वर्ग को लेकर विस्तार से चर्चा की।बैठक को जिला संगठन प्रभारी धनंजय शर्मा ने संबोधित करते हुए संगठन की मजबूती, आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा तथा कार्यकर्ताओं की सक्रिय सहभागिता पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि संगठन की योजनाओं को बूथ स्तर तक प्रभावी रूप से पहुंचाना सभी पदाधिकारियों की जिम्मेदारी है।भाजपा जिला अध्यक्ष डॉ. रायसिंह सैंधव ने संबोधित करते हुए कहा कि पार्टी कार्यकर्ताओं के परिश्रम एवं समर्पण से संगठन निरंतर मजबूत हो रहा है। उन्होंने आगामी संगठनात्मक गतिविधियों को लेकर सभी पदाधिकारियों से भूमिका निभाने आह्वान किया। प्रशिक्षण वर्ग को संगठन सशक्तिकरण का महत्वपूर्ण माध्यम बताया। बैठक में जिला संगठन प्रभारी धनंजय शर्मा, खातेगांव विधायक आशीष शर्मा, बागली विधायक मुरली भंवरा, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य बहादुर मुकाती, जिला महामंत्री राजेश यादव, मनीष सोलंकी, विजय सिंह पवार, पूर्व जिलाध्यक्ष राजीव खंडेलवाल, अजा मोर्चा जिला अध्यक्ष प्रमोद डोगलिया, अजजा मोर्चा जिलाध्यक्ष टिंकी बारेला, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष राखी झालानी, सहित अपेक्षित पदाधिकारी उपस्थित रहे। जानकारी मीडिया प्रभारी कमल अहिरवार ने दी।

# स्मार्ट मीटर, भारी बिल और अघोषित कटौती के खिलाफ युवक कांग्रेस ने हल्लाबोल रैली निकाली, तहसीलदार को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कांटाफोड़



भीषण गर्मी, लगातार बिजली कटौती और स्मार्ट मीटरों से बढ़े बिजली बिलों को लेकर मंगलवार को कांटाफोड़ में लोगों का गुस्सा सड़कों पर फूट पड़ा। 43 डिग्री तापमान के बीच युवक कांग्रेस और कांग्रेस पदाधिकारियों ने गांधी चौराहे से बस स्टैंड तक जोरदार रैली निकालते हुए विद्युत विभाग के खिलाफ प्रदर्शन किया। इसके बाद सतवास तहसीलदार हरिओम ठाकुर को ज्ञापन सौंपकर समस्याओं के निराकरण की मांग की गई। ब्लॉक युवक कांग्रेस अध्यक्ष अर्पित जायसवाल ने ज्ञापन का वाचन करते हुए आरोप लगाया कि कांटाफोड़ क्षेत्र में लगाए गए स्मार्ट मीटर उपभोक्ताओं के लिए परेशानी का कारण बन गए हैं। लोगों को आवश्यकता से अधिक बिजली बिल मिल रहे हैं, जिससे आम जनता आर्थिक बोझ तले दब रही है। उन्होंने कहा कि आसपास के कई क्षेत्रों में अब तक स्मार्ट मीटर नहीं लगाए हैं।

इससे कांटाफोड़ क्षेत्र के लोगों में असंतोष बढ़ रहा है। रैली के दौरान कांग्रेस नेताओं ने विद्युत विभाग पर भीषण गर्मी में मेंटेनेंस के नाम पर घंटों बिजली बंद रखने का आरोप लगाया। नेताओं ने कहा कि अघोषित कटौती से आमजन, व्यापारी और किसान सभी परेशान हैं, लेकिन विभाग समस्या के स्थायी समाधान को लेकर गंभीर नहीं दिख रहा। कांग्रेस नेता राजेश होलानी एवं पूर्व प्रदेश प्रवक्ता निर्मल पुरोहित ने कहा कि जनता को पर्याप्त बिजली नहीं मिल रही, जबकि भारी-भरकम बिल थमाए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि भीषण गर्मी में बार-बार बिजली बंद होने से लोगों का जीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। इस दौरान ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष विष्णु मीणा ने भी सभा को संबोधित करते हुए कहा कि सरकार स्मार्ट व्यवस्था के नाम पर जनता पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ डाल रही है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस जनता की आवाज बनकर सड़क से लेकर प्रशासन तक संघर्ष करेगी और यदि समस्याओं का समाधान नहीं हुआ तो आंदोलन और तेज किया जाएगा। ज्ञापन में वार्ड क्रमांक 4 गजाखेड़ी की विद्युत सप्लाई को बधावा फीडर से हटाकर कांटाफोड़ फीडर से जोड़ने की मांग की गई। साथ ही किसानों को सिंचाई के लिए दी जाने वाली बिजली सप्लाई का समय दोपहर के बजाय सुबह करने की मांग भी प्रमुखता से उठाई गई।

युवक कांग्रेस ने चेतावनी दी कि यदि जल्द समस्याओं का निराकरण नहीं किया गया तो उग्र आंदोलन किया जाएगा। प्रदर्शन में ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष विष्णु मीणा, कांग्रेस नेता राजेश होलानी, पूर्व प्रदेश प्रवक्ता निर्मल पुरोहित, पूर्व जिला महामंत्री अभिषेक भट्ट, मुकेश राठौर, नगर परिषद उपाध्यक्ष सुरेश पटेल, ब्रजमोहन तिवारी, रामेश्वर शर्मा, गुरमीत भाटिया, आनंद पटेल, चेतन जारवाल, अरुण राठौर, अभिषेक जोशी, शिव परमार, किरण रत्नपारखी, देवेंद्र पटेल, शाहरुख ठेकेदार, शाहिद ठेकेदार सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# 71.07 प्रतिशत मतदान के साथ शांतिपूर्ण संपन्न हुआ मध्यप्रदेश राज्य बार काउंसिल निर्वाचन

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास



मध्यप्रदेश राज्य बार काउंसिल निर्वाचन के तहत मंगलवार को एडीआर भवन (जिला न्यायालय परिसर, देवास) में मतदान प्रक्रिया शांतिपूर्ण एवं सुव्यवस्थित ढंग से सम्पन्न हुई। मतदान प्रातः 10 बजे प्रारंभ होकर सायं 5 बजे तक चला, जिसमें अधिवक्ताओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।निर्वाचन प्रक्रिया प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश अजय प्रकाश मिश्रा के मार्गदर्शन में सम्पन्न हुई।

उन्होंने दिनभर मतदान केंद्र का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया तथा शांतिपूर्ण मतदान सुनिश्चित किया। उनकी सक्रिय उपस्थिति से पूरी प्रक्रिया अनुशासित एवं व्यवस्थित रही।जिला न्यायाधीश एवं मुख्य मतदान अधिकारी अभिषेक गौड़, जिला रजिस्ट्रार एवं मतदान अधिकारी नीलेन्द्र तिवारी तथा वरिष्ठ अधिवक्ता एवं निर्वाचन अधिकारी राजेन्द्र कुमार बापट ने निर्वाचन प्रक्रिया का निष्पक्ष एवं सुचारु संचालन कराया।मतदान की शुरुआत अधिवक्ता इरशाद अहमद कुरेशी द्वारा प्रथम मत डालकर की गई। इसके बाद देवास बार एसोसिएशन अध्यक्ष अशोक वर्मा ने भी अपने मताधिकार का प्रयोग किया। वरिष्ठ अधिवक्ताओं सहित बड़ी संख्या में अधिवक्ताओं ने मतदान में भाग लेकर लोकतांत्रिक प्रक्रिया के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दर्शाई।निर्वाचन की विशेष बात यह रही कि 91 वर्षीय वरिष्ठ अधिवक्ता बाबूलाल ठाकुर स्वयं मतदान केंद्र पहुंचे और मतदान किया। उनका उत्साह युवा अधिवक्ताओं के लिए प्रेरणा का केंद्र बना।दोपहर के भोजनावकाश के दौरान मतदान केंद्र पर अधिवक्ताओं की भारी भीड़ देखने को मिली। मई माह की तेज गर्मी को देखते हुए केंद्र पर तंबू, वाटर कूलर एवं पेयजल की समुचित व्यवस्था की गई थी।

जिले में कुल 961 पंजीकृत मतदाताओं में से 683 अधिवक्ताओं ने मतदान किया, जो कुल 71.07 प्रतिशत मतदान रहा। तहसीलवार मतदान में टोंकखुर्द में 94.28 प्रतिशत, खातेगांव में 86.32 प्रतिशत, कन्नौद में 82.76 प्रतिशत, सोनकच्छ में 81.75 प्रतिशत तथा बागली में 78.46 प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया।मुख्य मतदान अधिकारी अभिषेक गौड़ ने बताया कि जिले की सभी तहसीलों से मतपेटियां देवास मुख्यालय पहुंचाई जा रही हैं तथा रात्रि में पुलिस कर्मी एवं न्यायालय स्टाफ के साथ उन्हें जबलपुर रवाना किया जाएगा। उन्होंने बताया कि सम्पूर्ण निर्वाचन प्रक्रिया शांतिपूर्ण एवं निर्विघ्न रूप से सम्पन्न हुई।

### समीक्षा बैठक में आयुक्त ने बरती सख्ती, अधिकारियों को लगाई फटकार

# विभागों के कार्यों की प्रगति पर जताई नाराजगी

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास



नगर निगम आयुक्त दलीप कुमार ने सोमवार को निगम बैठक हाल में समयावधि पत्रों की समीक्षा करते हुए विभिन्न विभागों के कार्यों की प्रगति पर नाराजगी जताई और अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।बैठक में स्वच्छता सर्वेक्षण की तैयारियों की समीक्षा करते हुए आयुक्त ने फोकस प्वाइंट के 100 मीटर क्षेत्र में सड़कों की साफ-सफाई, नालों-नालियों की सफाई, गाजर घास कटाई तथा सुलभ शौचालयों की नियमित सफाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि सर्वेक्षण से जुड़े कार्यों में ओर तेजी लाई जाए। आयुक्त ने एचटी विद्युत कनेक्शनों में मोटर पंप, नए विद्युत संयोजनों पर मीटर लगाने और पावर फैक्टर मेंटेनेंस का कार्य संबंधित ठेकेदारों से समय पर कराने के निर्देश दिए। प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना की समीक्षा के दौरान नवीन आवेदनों में धीमी प्रगति पर अप्रसन्नता जताते हुए अधिकारियों को हितग्राहियों की संख्या बढ़ाने के सख्त निर्देश दिए। बैठक में अनुग्रह सहायता, ई-केवाईसी और संबल योजना के कार्यों की भी समीक्षा की गई। आयुक्त ने शहर की सड़कों, मुख्य मार्गों और चौराहों से आवारा मवेशियों को हटाकर गौशालाओं में भेजने की कार्रवाई लगातार जारी रखने को कहा। साथ ही आवारा श्वानों को पकड़ने की कार्रवाई में भी तेजी लाने के निर्देश दिए।रूफ वॉटर हार्वेस्टिंग कार्यों की समीक्षा करते हुए आयुक्त ने शासकीय आवासों में लक्ष्य के अनुरूप कार्य नहीं होने पर संबंधित उपयंत्रियों के वेतन आहरण रोकने की चेतावनी दी। जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत कुओं, बावड़ियों और जलाशयों की सफाई सतत रूप से कराने के निर्देश भी दिए गए। सिवरेज कनेक्शनों की वार्डवार समीक्षा के दौरान स्वच्छता निरीक्षकों और दरोगाओं को कार्य में गति लाने को कहा गया।

वहीं अवैध से वैध नल कनेक्शन की कार्रवाई में लापरवाही पर संबंधित उपयंत्रियों को नोटिस जारी करने के निर्देश दिए गए। आयुक्त ने नवीन निर्माण सामग्री को हरी नेट से ढंकवाने, कलेक्टर कार्यालय से प्राप्त पत्रों का समय सीमा में निराकरण करने तथा सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों का तय समय में समाधान सुनिश्चित करने के निर्देश भी अधिकारियों को दिए।

# दुष्कर्म के आरोपी को 2 घंटे में किया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ कांटाफोड़



जिले के थाना कांटाफोड़ में नवागत थाना प्रभारी निरीक्षक आराधना रायकवार के पदभार संभालते ही पुलिस कार्यप्रणाली में तेजी और सख्ती देखने को मिल रही है। उनके नेतृत्व में कांटाफोड़ पुलिस लगातार आपराधिक मामलों में त्वरित कार्रवाई कर रही है। इसी कड़ी में पुलिस ने "ऑपरेशन हवालात" के तहत बलात्कार एवं पॉक्सो एक्ट के गंभीर मामले में आरोपी को महज दो घंटे के भीतर गिरफ्तार कर बड़ी सफलता हासिल की है।

पुलिस अधीक्षक देवास पुनीत गेहलोद द्वारा जिलेभर में 1 नवम्बर 2024 से "ऑपरेशन हवालात" अभियान चलाया जा रहा है, जिसके तहत लंबे समय से फरार एवं गंभीर अपराधों में शामिल आरोपियों की त्वरित गिरफ्तारी सुनिश्चित की जा रही है। इसी अभियान के तहत थाना कांटाफोड़ पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए कार्रवाई को अंजाम दिया। प्राप्त जानकारी अनुसार थाना कांटाफोड़ के अपराध दर्ज किया गया था। मामले में नाबालिग पीड़िता ने आरोपी पर शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करने एवं शारीरिक संबंध बनाने के आरोप लगाए थे। प्रकरण की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ग्रामीण सौम्या जैन एवं एसडीओपी बागली संजय सिंह बैंस द्वारा आरोपी की शीघ्र गिरफ्तारी के निर्देश दिए गए थे। निर्देश मिलते ही थाना प्रभारी निरीक्षक आराधना रायकवार ने पुलिस टीम गठित कर तकनीकी साक्ष्यों एवं मुखबिर तंत्र की सहायता से कार्रवाई शुरू की।

पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए आरोपी धर्मेन्द्र पिता सुरेश सिराठिया, उम्र 21 वर्ष, निवासी ग्राम लोहारदा को महज 2 घंटे के भीतर गिरफ्तार कर लिया। उक्त कार्रवाई में सउनि सुबेदार सिंह यादव, प्रआर सुनील गोफनिया, प्रआर सुरेश चरपोटा एवं आरक्षक संजय सिंह राजावत की भूमिका इस कार्रवाई में सराहनीय रही।

## खबर संक्षेप



### परिचय वर्ग की तैयारियों पर रणनीति बनाई

**ललितपुर।** भारतीय शिक्षण मंडल की एक महत्वपूर्ण बैठक स्थानीय केशव भवन में आयोजित की गई, जिसमें आगामी मंडल स्तरीय परिचय वर्ग की रूपरेखा एवं व्यवस्थाओं को लेकर विस्तार से विचार-विमर्श किया गया। बैठक में जनपद के जिम्मेदार पदाधिकारियों ने अपने सुझाव रखते हुए कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए आवश्यक तैयारियों पर चर्चा की। बताया गया कि मंडलीय परिचय वर्ग का आयोजन 16 मई की सायंकाल से 17 मई की सायंकाल तक मां शबरी वनवासी छात्रावास में किया जाएगा। इस वर्ग में जालौन, झांसी और ललितपुर के सम्मानित दायित्वधारी, पूर्व दायित्वधारी एवं सदस्य शामिल होंगे। बैठक के दौरान प्रतिभागियों की सूची तैयार की गई तथा आवास, भोजन, पंजीकरण सहित अन्य व्यवस्थाओं पर भी विस्तार से चर्चा की गई। बताया गया कि वर्ग में संगठन के राष्ट्रीय संयुक्त महामंत्री सुनील का मार्गदर्शन एवं उद्बोधन प्राप्त होगा। बैठक में विभाग संयोजक मनोज तिवारी, जिला संयोजक सुरेश प्रकाश कौंते, डा.राजेंद्र प्रकाश श्रीवास्तव, हाकिम सिंह, करुणाकर शर्मा, बृजेश शर्मा, उमाशंकर चौबे तथा डा.जगवीर सिंह सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।

### पानी की टंकी से सरकारी सामान चोरी

**ललितपुर।** कोतवाली अंतर्गत ग्राम जिजयावन में चोरों ने जल प्रदाय योजना को निशाना बनाते हुए पानी की टंकी पर रखी लाखों की विभागीय सामग्री पार कर दी। घटना की जानकारी तब हुई जब कर्मचारी सुबह सप्लाई चालू करने पहुंचे। पुलिस ने तहरीर के आधार पर अज्ञात चोरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। औरैया के ग्राम एकौरापुर निवासी संदीप कुमार, जो मसौरा सिंदवाहा जल प्रदाय योजना में संचालन एवं रख-रखाव प्रभारी हैं, ने कोतवाली में शिकायत दर्ज कराई है। उन्होंने बताया कि 13 मार्च की सुबह करीब 6 बजे जब बॉल ऑपरेटर पानी की सप्लाई शुरू करने के लिए जिजयावन स्थित पानी की टंकी पर पहुंचे, तो वहां से कीमती सरकारी सामान गायब मिला। चोरी गई सामग्रियों में पीएलसी पैनल, विश्लेषक, बोर्ड लेबल गेज और रेलिंग, अल्ट्रासोनिक ट्रांसमीटर आदि चोरी कर लिया गया।

### ट्रेन में 30 हजार नकदी समेत सामान चोरी

**ललितपुर।** पंजाब के पटियाला से भोपाल की यात्रा कर रहे एक परिवार के साथ चलती ट्रेन में चोरी की घटना सामने आई है। अज्ञात बदमाश ने यात्री की बहन का पर्स चोरी कर लिया, जिसमें नकदी और महत्वपूर्ण दस्तावेज रखे हुए थे। जीआरपी ललितपुर ने इस संबंध में मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। सीहोर (मध्य प्रदेश) निवासी शिकायतकर्ता जसप्रीत सिंह ने पुलिस को बताया कि वह 27 अप्रैल को ट्रेन संख्या 11058 (पठानकोट एक्सप्रेस) के कोच ए-1 में अपने परिवार के साथ यात्रा कर रहे थे। यात्रा के दौरान उनकी बहन रमनीत कौर ने अपना ग्रे रंग का लेडीज पर्स सीट पर रखा था। तड़के सुबह करीब 6 बजे जब ललितपुर स्टेशन के पास परिवार की नींद खुली, तो पर्स गायब था। पीड़ित के अनुसार, चोरी हुए पर्स में 30 हजार रुपए की नकदी, आधार कार्ड और पैन कार्ड जैसे जरूरी दस्तावेज रखे हुए थे।

### गोरखपुर-पुणे एक्सप्रेस में मोबाइल चोरी

**ललितपुर।** चलती ट्रेन में यात्रियों के कीमती सामान पर हाथ साफ करने वाले गिरोह सक्रिय हैं। ताजा मामला गोरखपुर से भुसावल की यात्रा कर रही एक महिला यात्री के साथ सामने आया है, जहां अज्ञात बदमाश ने सोते समय उनके झोले से मोबाइल फोन पार कर दिया। महाराष्ट्र के अकोला निवासी अनुराधा चौहान पत्नी गजेंद्र सिंह चौहान ने जीआरपी ललितपुर में शिकायत दर्ज कराई है। उन्होंने बताया कि 23 अप्रैल को वह ट्रेन संख्या 15029 (गोरखपुर-पुणे एक्सप्रेस) के कोच एस-1 की बर्थ संख्या 17 पर यात्रा कर रही थीं।

---

परियोजनाओं में शिथिलता बरतने वाले और बैठक में अनुपस्थित अधिकारियों पर नाराजगी जताई

# जिले की विकास परियोजनाओं के कार्य में सभी विभाग तेजी लाएं: जिलाधिकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर




जिलाधिकारी सत्य प्रकाश ने कलेक्ट्रेट सभागार में जनपद स्तरीय अधिकारियों एवं कार्यदायी संस्थाओं के साथ मुख्यमंत्री डैशबोर्ड के अंतर्गत सीएमआईएस पोर्टल पर जनपद की विकास परियोजनाओं समीक्षा की और पूर्ण हो चुकी परियोजनाओं को हैण्डओवर करने तथा अपूर्ण परियोजनाओं पर तेजी से कार्य पूर्ण कराकर जनता को समर्पित करने के निर्देश दिये। एक तरफ जिलाधिकारी ने विकास परियोजनाओं में शिथिलता बरतने वाले अधिकारियों व कार्यदायी संस्थाओं को फटकार लगायी, तो वही बैठक में विद्युत विभाग व कार्यदायी संस्था सीएलडीएफ के अधिकारियों की अनुपस्थिति पर नाराजगी जताते हुए दूरभाष पर ही उनसे परियोजनाओं की समीक्षा की और चेतावनी दी कि अगली बार बैठक में अनुपस्थित रहने पर वेतन रोकने की कार्रवाई की जाएगी।

### 194 परियोजनाओं में से 124 पूर्ण हो चुकी

बैठक में सीएमआईएस पोर्टल पर जनपद की कुल 194 परियोजनाओं में से 124 पूर्ण हो चुकी हैं, इसके अलावा 17 परियोजनाएं विभिन्न कारणों से अपूर्ण एवं 53 परियोजनाएं समय सीमा के भीतर निर्माणाधीन हैं। जिलाधिकारी ने कार्यदायी संस्थाओं को स्पष्ट निर्देश दिये कि अपूर्ण योजनाओं में विभाग से आपसी समन्वय करते हुए कार्य को तेजी से आगे बढ़ायें और यदि शासन स्तर से कोई धनराशि या स्वीकृति लंबित है तो हमारे स्तर से पत्राचार करायें। उन्होंने कहा कि जनपद की विकास परियोजनाएं यदि किसी की शिथिलता के कारण लबिंत रहती हैं तो सम्बंधित के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाएगी।

### पर्यटन निगम के अधिकारियों को फटकार

जिलाधिकारी ने विकास परियोजनाओं में बाधक बन रहे भूमि विवादों की समीक्षा करते हुए वस्त्रावन व बछरई में प्रस्तावित विद्यालयों के निर्माण हेतु जिला विद्यालय निरीक्षक को उप जिलाधिकारी व पुलिस बल के साथ मौके पर जाकर कार्रवाई करने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि उक्त परियोजनाओं पर जल्द से जल्द कार्य शुरू कराया जाए। समीक्षा के दौरान मड़ावरा के प्राचीन किले में पर्यटन निगम द्वारा कराये जा रहे कार्यों की प्रगति संतोषजनक नहीं पायी गई, जिस पर जिलाधिकारी ने पर्यटन निगम के अधिकारियों को फटकार लगाते हुए समय सीमा के भीतर कार्य पूर्ण कराने के निर्देश दिये।

---

100 दिवस का अभियान

## टीबी खोज अभियान के तहत विद्यालय में जागरूक किया



हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

टीबी उन्मूलन के लिए 100 दिवस का विशेष टीबी खोज अभियान का द्वितीय चरण 24 मॉर्च 2026 से जारी है जिसके अंतर्गत शासन की मंशानुसार मुख्य चिकित्सा अधिकारी ललितपुर के निर्देशन में 100 दिवसीय टीबी मुक्त भारत अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में 12 मई को सुधासागर इंटर कॉलेज तालाबपुरा, ललितपुर में टीबी जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें जिला क्षयरोग अधिकारी डॉ आरएन सोनी ने उपस्थित अध्यापकगणों, एवं छात्र/छात्राओं को बताया कि अभियान के तहत लोगों की स्क्रीनिंग कर उच्च जोखिम वाली आबादी की विशेष जांच की जा रही है। इनमें 60 वर्ष से अधिक आयु के व्यक्ति, कुपोषिल लोग, टीबी रोगियों के सम्पर्क में रहने वाले व्यक्ति, डायबिटीज एवं एचआईवी से ग्रसित मरीज तथा धूमपान और शराब का सेवन करने वाले लोग शामिल हैं। स्क्रीनिंग के बाद जरूरतमंद लोगों के एक्स-रे जांच एवं उपचार की व्यवस्था भी की जा रही है। उन्होंने बताया कि टीबी के प्रमुख लक्षणों में दो सप्ताह से अधिक की खांसी रहना, वजन कम होना, बुखार, सीने में दर्द, शरीर में गांठ होना, रात में पसीना आना, अत्यधिक थकान, बलगम में खून का आना तथा लगातार बलगम वाली खांसी शामिल है। ऐसे लक्षण दिखाई देने पर तुरंत जांच करानी चाहिए। डॉ आरएन सोनी ने अपील करते हुये कहा कि टीबी की जांच एवं उपचार जनपद के सभी सरकारी चिकित्सालयों में निशुल्क उपलब्ध है। किसी भी व्यक्ति में लक्षण दिखाई देने पर बिना देर किये सरकारी स्वास्थ्य केन्द्र पहुंचकर जांच अवश्य करायें।

> लक्षण दिखाई देने पर तुरंत जांच करानी चाहिए

---

## क्रेडिट कार्ड अपडेट के नाम पर 2.26 लाख उड़ाए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

साइबर ठगों ने क्रेडिट कार्ड का बैलेंस ठीक करने का झांसा देकर एक व्यक्ति के खाते से लाखों रुपये की चपत लगा दी। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात बदमाशों के खिलाफ धोखाधड़ी और आईटी एक्ट की धाराओं में मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। तालबेहट निवासी पीड़ित पंकज साहू, जो वर्तमान में ललितपुर के पिसनारी मोहल्ले में रह रहे हैं, ने बताया कि 26 दिसंबर 2025 को उनके मोबाइल पर एक अज्ञात नंबर से फोन आया। कॉल करने वाले ने खुद को बैंक प्रतिनिधि बताते हुए कहा कि उनके क्रेडिट कार्ड का बैलेंस माइनस में है और इसे शून्य करने के लिए एक व्हाट्सएप लिंक भेजा। हालांकि पीड़ित ने लिंक पर क्लिक करने के बाद मांगी गई जानकारी देने से मना कर दिया था, लेकिन कुछ ही देर में उनके खाते में संदिग्ध लेनदेन शुरू हो गए। पीड़ित के अनुसार, पहले उनके एचडीएफसी बैंक खाते में एक-एक लाख रुपये के दो अमाउंट क्रेडिट हुए। इसके तुरंत बाद उनके खाते से 1 लाख 90 हजार रुपए और 36 हजार रुपए (कुल 2 लाख 26 हजार रुपए) डेबिट कर लिए गए। ठगी का एहसास होने पर पंकज ने तुरंत नेशनल साइबर क्राइम रिपोर्टिंग पोर्टल और संबंधित बैंक को सूचना दी, जिससे करीब 40 हजार रुपए की राशि विभिन्न बैंकों में होल्ड करा दी गई है। पीड़ित का आरोप है कि घटना की सूचना कोतवाली ललितपुर की साइबर सेल को दी गई थी, लेकिन मामला दर्ज नहीं हुआ। इसके बाद उन्होंने न्यायालय की शरण ली। न्यायालय के आदेश पर कोतवाली पुलिस ने अब अज्ञात आरोपियों के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत किया है।

### फोन कॉल के जरिए खाते से उड़ाए 50 हजार

**ललितपुर।** जिले में साइबर अपराधियों के हौसले इतने बुलंद हैं कि अब वह पुलिस परिसर में रहने वाले लोगों को भी अपना निशाना बना रहे हैं। ताजा मामले में कोतवाली ललितपुर की पुलिस लाइन में रहने वाले एक युवक के खाते से जालसाजों ने फोन कॉल के जरिए 50 हजार रुपये पार कर दिए। कोर्ट के आदेश पर पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। पीड़ित रोहित सिंह पुत्र रामगोपाल सिंह, जो वर्तमान में पुलिस लाइन ललितपुर के निवासी हैं, ने बताया कि उनके मोबाइल नंबर पर एक अज्ञात व्यक्ति का फोन आया था। आरोपी ने उन्हें अपनी बातों के जाल में फंसाकर छलपूर्वक उनके स्टेट बैंक ऑफ इंडिया की ललितपुर शाखा स्थित खाते से 50 हजार रुपए ऑनलाइन ट्रांसफर कर लिए। घटना के तुरंत बाद पीड़ित ने भारत सरकार की साइबर हेल्पलाइन 1930 पर शिकायत दर्ज कराई थी। पीड़ित का आरोप है कि उन्होंने कोतवाली ललितपुर और पुलिस अधीक्षक को भी शिकायती पत्र दिया था, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई।

---

मदर डे सेलिब्रेशन हर्षोल्लास से मनाया गया

## मां बच्चे की प्रथम गुरु होती: नपा अध्यक्ष सोनाली

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर




सिविल लाइन्स मैं स्थित फनस्टोन प्ले स्कूल में मदर डे सेलिब्रेशन कार्यक्रम हर्षोल्लास एवं उत्साह के साथ आयोजित किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि अध्यक्ष नगर पालिका परिषद सोनाली जैन एवं व कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व प्रधानाचार्य जीजीआईसी सुश्री जनक किशोरी शर्मा ने की। विशिष्ट अतिथि के रूप रविंद्र प्रताप सिंह परमार फूड एंड सप्लाई ऑफीसर, श्रेयस ड्योडिया तथा रमाकांत तिवारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि सोनाली जैन द्वारा मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन एवं माल्यार्पण कर किया गया। इसके उपरांत विद्यालय की शिक्षिका भावना विश्वकर्मा हर्षिता नायक द्वारा सरस्वती वंदना एवं स्वागत गीत प्रस्तुत किया गया, जिसने उपस्थित जनसमूह को मंत्रमुग्ध कर दिया। अतिथियों को शाल, श्रीफल, मोमेंटो एवं बैजंती माला पहनाकर स्वागत किया गया। इस मौके पर मुख्य अतिथि अध्यक्ष नगर पालिका परिषद सोनाली जैन ने अपने संबोधन में कहा कि मां बच्चों की प्रथम गुरु होती है। ऐसे कार्यक्रम परिवार एवं विद्यालय के बीच भावनात्मक जुड़ाव को मजबूत करते हैं और बच्चों में संस्कार एवं आत्मविश्वास का विकास करते हैं। यह आयोजन अत्यंत सराहनीय है। विशिष्ट अतिथि पूर्व प्रधानाचार्य जीजीआईसी सुश्री जनक किशोरी शर्मा ने कहा कि विद्यालय केवल शिक्षा का केंद्र नहीं, बल्कि बच्चों के सर्वांगीण विकास का माध्यम होता है। मदर्स डे जैसे आयोजन बच्चों एवं माताओं के बीच प्रेम, सम्मान एवं अपनत्व को और अधिक सशक्त बनाते हैं। कार्यक्रम को रामकुमार पाठक, ललित रावत, विद्यालय के प्रशासनिक अधिकारी एन एल शर्मा, विद्यालय प्रिंसिपल श्रीमती प्रियंका, भारती चौरसिया, ने संबोधित किया। इस अवसर पर पुष्पेंद्र जैन, आर के जैन, शिवशंकर सिंह, दीप्ति अवस्थी, कविता दुबे, सुचेता, आरती चौरसिया, चित्रांगना ठाकुर, रजनी, तनिषा, हर्षिता, भावना एवं अशोक शर्मा आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम में विभिन्न सांस्कृतिक एवं मनोरंजन प्रस्तुतियाँ आयोजित की गईं, जिनमें माताओं एवं बच्चों ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग किया। बच्चों द्वारा प्रस्तुत मनमोहक कार्यक्रमों ने सभी का मन मोह लिया।

---

सीएमओ कार्यालय में कार्यक्रम आयोजित किया

## अंतरराष्ट्रीय नर्स दिवस पर उत्कृष्ट सेवाओं का सम्मान किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर




सीएमओ कार्यालय के सभागार में अंतरराष्ट्रीय नर्स दिवस उत्साह और गरिमामय माहौल में मनाया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य स्वास्थ्य सेवाओं की रीढ़ मानी जाने वाली नर्सिंग कर्मियों के मनोबल को बढ़ाना तथा समाज में उनके सेवा भाव और समर्पण को सम्मान देना रहा। सीएमओ डा.इम्तियाज अहमद ने कहा कि नर्सिंग स्टाफ स्वास्थ्य व्यवस्था का अभिन्न हिस्सा है। नर्सें केवल मरीजों की देखभाल करने वाली कर्मचारी नहीं, बल्कि मरीजों के शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य सुधार की सबसे महत्वपूर्ण कड़ी हैं। उन्होंने कहा कि नर्स दिवस का आयोजन नर्सिंग कर्मियों के भीतर नई ऊर्जा और आत्मविश्वास का संचार करेगा, जिससे स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता में भी सुधार आएगा। बताया गया कि अंतर्राष्ट्रीय नर्स दिवस आधुनिक नर्सिंग की संस्थापक फ्लोरेंस नाइटिंगेल की जयंती के अवसर पर मनाया जाता है, जिन्होंने सेवा, समर्पण और मानवता की मिसाल कायम की थी। इस वर्ष अंतर्राष्ट्रीय नर्स परिषद द्वारा घोषित थीम हमारी नर्सें, हमारा भविष्य सशक्त नर्सें बचाती हैं जान रही, जिसका उद्देश्य स्वास्थ्य प्रणाली को मजबूत बनाना और नर्सों को बेहतर संसाधन, सुरक्षा एवं सम्मान दिलाना है। डा.सौरभ ने कहा कि नर्सें चिकित्सा जगत की आधारशिला हैं, जिनके बिना अस्पताल और उपचार प्रक्रिया की कल्पना संभव नहीं है। इस दौरान उत्कृष्ट सेवाओं के लिए स्टाफ नर्स हेमलता जोसेफ, दिलाशा पाल एवं रजनी को सम्मानित किया गया।

---

इंदौर के व्यापारी पर मुकदमा दर्ज

## सराफा व्यापारी के गले पर छुरी रख 5 लाख रंगदारी मांगी

> कोतवाली पुलिस ने व्यापारी सहित 3-4 लोगों पर मामला दर्ज किया।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

शहर के एक सराफा व्यापारी को उसकी दुकान पर घुसकर जान से मारने की धमकी देने और रंगदारी मांगने का सनसनीखेज मामला सामने आया है। आरोपी ने व्यापारी के गले पर छुरी रखकर 5 लाख रुपये की मांग की। न्यायालय के आदेश पर कोतवाली पुलिस ने इंदौर के एक व्यापारी सहित 3-4 अज्ञात लोगों के खिलाफ गंभीर धाराओं में मामला दर्ज किया है। शहर के मोहल्ला छत्रसालपुरा निवासी पीड़ित व्यापारी संजय सोनी ने बताया कि उनका इंदौर निवासी प्रशांत बंगाली के साथ पिछले 4-5 वर्षों से व्यापारिक संबंध था। आरोप है कि पिछले 2-3 वर्षों से प्रशांत खराब माल भेज रहा था। जब संजय ने इसकी शिकायत की और अपने 10 लाख रुपये वापस मांगे, तो प्रशांत अभद्रता पर उतारू हो गया। घटना 25 मार्च 2026 की है, जब प्रशांत बंगाली अपने 3-4 साथियों के साथ ललितपुर स्थित संजय की दुकान पर पहुंचा। वहां उसने संजय के गले पर छुरी लगा दी और गाली-गलौज करते हुए 5 लाख रुपये की रंगदारी मांगी। शोर मचाने पर जब आसपास के लोग बचाने आए, तो आरोपी धमकी देते हुए भाग निकले। पीड़ित का आरोप है कि जब वह शिकायत करने कोतवाली जा रहा था, तो आरोपियों ने रास्ते में चलती गाड़ी से उसका अपहरण करने का प्रयास किया और थाने तक उसका पीछा किया। व्यापारी ने भागकर जान बचाई। पीड़ित के पास वीडियो फुटेज भी सुरक्षित है। पुलिस अधीक्षक को डाक द्वारा सूचना देने के बाद कार्रवाई न होने पर पीड़ित ने न्यायालय की शरण ली।

---

## ऑपरेशन दहन के तहत पुलिस ने 1.10 करोड़ रुपए के मादक पदार्थ नष्ट किए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर



मादक पदार्थों के अवैध कारोबार के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान ऑपरेशन दहन के तहत ललितपुर पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए करीब 1 करोड़ 10 लाख रुपये मूल्य के मादक पदार्थों का नियमानुसार निस्तारण कराया। यह कार्रवाई एसपी मो. मुश्ताक के निर्देशन में की गई। पुलिस विभाग से मिली जानकारी के अनुसार उत्तर प्रदेश पुलिस के विशेष अभियान के अंतर्गत जनपद के विभिन्न थानों में दर्ज मामलों से संबंधित माल मुकदमाती मादक पदार्थों के निस्तारण हेतु न्यायालय से विधिक अनुमति प्राप्त की गई। इसके बाद जनपद स्तरीय गठित समिति की उपस्थिति में निस्तारण की कार्रवाई अमल में लाई गई। मंगलवार को चलाए गए इस अभियान में कोतवाली ललितपुर, नाराहट थाना, पूराकलां थाना, मड़ावरा थाना तथा पाली थाना में दर्ज विभिन्न अभियोगों से संबंधित कुल 212.100 किलोग्राम मादक पदार्थ नष्ट कराया गया। यह कार्रवाई मेमर्स मेडिकल पॉल्यूशन कंट्रोल कमेटी, बिजौली, जनपद झांसी में समिति की मौजूदगी में पूरी की गई। नष्ट किए गए मादक पदार्थों में 211.250 किलोग्राम गांजा, 200 ग्राम चरस तथा 650 ग्राम नशीला पाउडर शामिल रहा। पुलिस के अनुसार जब्त मादक पदार्थों की कुल अनुमानित कीमत करीब 1.10 करोड़ रुपये आंकी गई है। पुलिस अधीक्षक मो. मुश्ताक ने स्पष्ट किया कि जनपद में मादक पदार्थों की तस्करी और अवैध कारोबार के खिलाफ अभियान आगे भी लगातार जारी रहेगा और ऐसे अपराधों में शामिल लोगों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी।

---

अपराध और कानून-व्यवस्था की समीक्षा की

## एसपी ने लापरवाही पर विभागीय जांच के आदेश दिए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर



जनपद में अपराध नियंत्रण, कानून-व्यवस्था और जनशिकायतों के प्रभावी निस्तारण को लेकर पुलिस प्रशासन पूरी तरह सक्रिय नजर आ रहा है। इसी क्रम में एसपी मो. मुश्ताक ने गूगल मीट के माध्यम से जनपद के समस्त राजपत्रित अधिकारियों, क्षेत्राधिकारियों, थाना प्रभारियों, चौकी प्रभारियों और शाखा प्रभारियों के साथ समीक्षा बैठक कर अपराध नियंत्रण एवं कानून-व्यवस्था को लेकर विस्तृत चर्चा की और आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए। एसपी ने आईजीआरएस पोर्टल और प्रार्थना पत्रों के माध्यम से प्राप्त शिकायतों की समीक्षा करते हुए निर्देश दिए कि सभी जनशिकायतों का समयबद्ध, गुणवत्तापूर्ण और संतोषजनक निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि शिकायतकर्ता की समस्या का शत-प्रतिशत समाधान प्राथमिकता के आधार पर किया जाए। एसपी ने डायल-112 के माध्यम से प्राप्त शिकायतों पर तत्काल रिस्पांस सुनिश्चित करने, पीआरवी टीमों को समय पर मौके पर पहुंचकर प्रभावी कार्रवाई करने के निर्देश दिए। साथ ही जनपद के सभी थानों पर तैनात प्रशिक्षणाधीन रिक्रूट आरक्षियों को बीट व्यवस्था, यक्ष एप, यातायात प्रबंधन तथा थाना संचालन से जुड़ी व्यवस्थाओं की जानकारी देने के निर्देश भी जारी किए गए। बैठक के दौरान महिला अपराधों को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए उनके त्वरित और प्रभावी निस्तारण के निर्देश दिए गए। इसके अलावा हिस्ट्रीशीटर, गुंडा प्रवृत्ति के अपराधियों, माफिया, वांछित अभियुक्तों और इनामिया अपराधियों की सतत निगरानी रखने तथा आवश्यक निरोधात्मक कार्रवाई सुनिश्चित करने को कहा गया। एसपी ने अवैध शराब, मादक पदार्थों की तस्करी, जुआ, सट्टा, पशु तस्करी और चोरी, लूट, डकैती एवं झपटमारी जैसी घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए विशेष अभियान चलाने के निर्देश दिए।

एमपीआरडीसी का जिले में कोई दफ्तर नहीं होने से कोई नहीं दे रहा ध्यान

# राजगढ़ बाईपास की क्षतिग्रस्त नालियों के कारण अक्सर हो रहे हादसे


## टोल कंपनी मेसर्स अग्रोह भी नहीं दे रही ध्यान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

करीब 10 वर्षों पहले साल 2016 में मध्यप्रदेश रोड डेवलपमेंट कारपोरेशन (एमपीआरडीसी) ने ब्यावरा से राजस्थान सीमा तक हाईवे का दोहरीकरण करवाया था। मेसर्स अग्रोह इन्फ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड द्वारा करवाए गए उक्त कार्य में अनेक जगहों पर घटिया निर्माण कर दिया गया। उक्त घटिया कार्यों का खामियाजा अब अक्सर हो रहे हादसों के रूप में सामने आ रहा है।

हाईवे चैड़ीकरण के दौरान राजगढ़ मुख्यालय सीमा पर बनाए गए करीब बाईपास के दोनों ओर जो नालियां बनवाई गई थीं उनकी गुणवत्ता पर भी निर्माण एजेंसी द्वारा ध्यान नहीं दिया गया है। यही कारण है कि बदहाल नालियां हादसों का कारण बन रही हैं। बुधवार दोपहर राजगढ़ सीमा में दरगाह के नजदीक टूटी-फूटी नाली के कारण सरियों से भरा एक ट्रक अनियंत्रित होकर पलटी मार गया। गनीमत से इस हादसे में कोई जनहानि नहीं हुई लेकिन अगर समय रहते इन नालियों की रिपेयरिंग नहीं करवाई गई तो यह लापरवाही कभी भी बड़ी जनहानि का कारण बन सकती है।





### चार किमी के बाईपास पर अनेक जगह क्षतिग्रस्त है नालियां

स्थानीय नेवज नदी के थोड़ा आगे भगवति रेस्टोरेंट के नजदीक से कलेक्टोरेट के थोड़ा आगे तक 4 किमी लंबा फोरलेन बाईपास बनवाया गया था। उक्त बाईपास के दोनों और अनेक स्थानों पर नालियां क्षतिग्रस्त हो चुकी हैं। इन नालियों में गिरकर लोग हादसों का शिकार हो रहे हैं।

### एमपीआरडीसी का जिले में नहीं है कोई दफ्तर

मध्य प्रदेश सड़क विकास निगम का राजगढ़ जिले की सीमा में कोई कार्यालय नहीं है। निगम के मुख्य कार्यालय राजधानी भोपाल में स्थित है और जिम्मेदार अधिकारी भी राजधानी में ही बैठते हैं। यही कारण है कि बदहाल हाईवे की तरफ कोई ध्यान नहीं दे रहा है। स्थानीय लोगों ने कलेक्टर डॉ. गिरीश मिश्रा से मांग रखी है कि एमपीआरडीसी भोपाल के जिम्मेदार अधिकारियों को बाईपास की रिपेयरिंग के लिए निर्देशित करें ताकि भविष्य में संभावित हादसों को रोका जा सके।

### तो धरना प्रदर्शन करेगी कांग्रेस

पूर्व विधायक बापूसिंह तंवर ने इस बारे में कहा कि अगर एमपीआरडीसी द्वारा समय रहते बाईपास की सुध नहीं ली गई तो वे और कांग्रेस पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता आने वाले समय में सड़क विकास निगम भोपाल के खिलाफ धरना प्रदर्शन करेंगे। आमजनों की इस समस्या को लेकर जब हरिभूमि ने एमपीआरडीसी भोपाल के कन्सर्न अधिकारी ईश्वर सिंह चंदेल मोबाइल लगाया तो उन्होंने कॉल ही रिसीव नहीं की न ही वाट्सएप मेसेज पर कोई जवाब प्रेषित किया गया।

300 से अधिक सीसीटीवी खंगालकर आरोपियों तक पहुंची पुलिस

# एटीएम कार्ड बदलकर धोखाघड़ी करने वाले 2 आरोपी धराए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

जिला पुलिस टीम को एटीएम कार्ड बदलकर धोखाघड़ी करने वाले अंतरार्जीय गिरोह के बदमाशों को पकड़ने में सफलता हाथ लगी है। सुठालिया और ब्यावरा देहात के तहत हुई दो अलग-अलग वारदातों का एडिशनल एसपी के.एल बंजारे ने सोमवार दोपहर पुलिस कन्ट्रोल रूम राजगढ़ में खुलासा गया।



गिरफ्तार दो आरोपियों के पास से करीब 4 लाख रुपए बरामद किए गए हैं। श्री बंजारे ने बताया कि मई निवासी सोनू वाल्मीकि का एटीएम बदलकर अज्ञात व्यक्तियों ने उनके खाते से 47 हजार रुपए निकाल लिए थे। इसी तरह पगारा निवासी अंकित दांगी जब मुल्तानपुरा ब्यावरा क्षेत्र में बैंक ऑफ इंडिया के एटीएम में रुपए निकालने गए तो अज्ञात व्यक्ति ने झांसे में लेकर कार्ड बदला और अलग-अलग दिनों में 50 हजार रुपए निकाल लिए।

**सीसीटीवी और तकनीकी विश्लेषण से धराए आरोपी:** मामलों को गंभीरता से लेते हुए तीनों थानों की पुलिस ने 300 से अधिक सीसीटीवी खंगाले और तकनीकी रूप से जांच आगे बढाई। पुलिस अंततः आरोपियों तक पहुंच गई। दोनों आरोपी चंदू उर्फ चंदेश यादव एवं मोहम्मद उर्फ अज्जू पिता शेख ईजराईल कुरेश गांव छपारा जिला सिवनी के रहने वाले हैं। उनके पासे से धोखाघड़ी के राशि सहित एक कार जब्त की गई है। एडिशनल एसपी श्री बंजारे ने बताया कि यह गिरोह विशेष रूप से ऐसे व्यक्तियों को निशाना बनाता था जो एटीएम संचालन में कम जानकारी रखते थे।

परिजनों ने अस्पताल में किया हंगामा

# दो बाइकों की आमने-सामने भिड़ंत में युवक की मौत, तीन गंभीर



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारंगपुर

नगर से गुजरने वाले राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक-52 फोरलेन बायपास पर ट्रेंचिंग ग्राउंड के पास शनिवार को दो बाइकों की आमने-सामने जोरदार भिड़ंत हो गई। हादसे में एक युवक की मौत हो गई, जबकि तीन अन्य युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार ब्यावरा निवासी राहुल पिता रघुवीर (उम्र लगभग 20 वर्ष) अपने साथियों संतोष पिता बलवंत सिंह एवं संतोष पिता भंवरलाल, दोनों निवासी ब्यावरा, के साथ बाइक से जा रहा था। इसी दौरान उनकी बाइक की टक्कर तलेन निवासी लक्ष्मीनारायण की बाइक से हो गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि चारों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद आसपास मौजूद लोगों ने तत्काल घायलों को उपचार के लिए सिविल अस्पताल सारंगपुर पहुंचाया। अस्पताल में उपचार के दौरान राहुल की मौत हो गई। युवक की मौत के बाद परिजनों ने अस्पताल में अव्यवस्थाओं को लेकर हंगामा किया और कहा कि समय पर उपचार हो जाता तो युवक की जान बच जाती, बाद में पुलिस ने परिजनों को समझाइश देकर मामला शांत कराया। पुलिस ने मृतक का पोस्टमार्टम करवाकर शव परिजनों को सौंपा। वहीं मर्ग कायम कर पूरे मामले की जांच शुरू कर दी गई है।

# पुलिस कार्रवाई में 11.75 ग्राम स्मैक व 186 शीशी नशीला इंजेक्शन जब्त



**सारंगपुर।** राजगढ़ जिले में अवैध मादक पदार्थों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत सारंगपुर पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से 11.75 ग्राम स्मैक, 186 एविल शीशी, 200 इंजेक्शन और एक मोटरसाइकिल सहित करीब 1 लाख 80 हजार रुपये का मशरुका जब्त किया है। पुलिस अधीक्षक राजगढ़ अमित तोलानी (आईपीएस) के निर्देशन में जिलेभर में नशे के कारोबारियों के खिलाफ विशेष अभियान चलाया जा रहा है। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक एल.एन. बंजारे एवं एसडीओपी नेहा गौर के मार्गदर्शन में थाना सारंगपुर पुलिस ने यह कार्रवाई की। जानकारी अनुसार पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि दो युवक मोटरसाइकिल से अवैध मादक पदार्थ लेकर घूम रहे हैं। सूचना पर पुलिस टीम ने घेराबंदी कर दोनों संदिग्धों को पकड़ा। पूछताछ में आरोपियों ने अपने नाम राजू उर्फ जफर निवासी गोलाबाड़ी सारंगपुर तथा शादाब निवासी किला रोड सारंगपुर बताए। तलाशी लेने पर उनके पास से स्मैक और नशीले इंजेक्शन बरामद हुए। पूछताछ के आधार पर पुलिस ने एक अन्य आरोपी मुस्तकीम उर्फ पिल्ला निवासी कसाईवाड़ा सारंगपुर को भी गिरफ्तार किया। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ अपराध क्रमांक 393/26 धारा 8/21 एनडीपीएस एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। साथ ही नशीले पदार्थों के स्रोत और सप्लाई नेटवर्क की जानकारी जुटाई जा रही है।

## टीआई रवि ठाकुर के.एफ. रुस्तमजी पुरस्कार से सम्मानित



**खुजनेर।** खुजनेर थाना प्रभारी रवि ठाकुर को उत्कृष्ट पुलिस सेवाओं के लिए मध्य प्रदेश पुलिस के प्रतिष्ठित के.एफ. रुस्तमजी पुरस्कार से सम्मानित किया गया यह सम्मान मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने रवीन्द्र भवन, भोपाल में आयोजित राज्य स्तरीय समारोह में प्रदान किया समारोह में मुख्यमंत्री ने प्रदेश के 101 पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों को उत्कृष्ट सेवा, साहस और कर्तव्यनिष्ठा के लिए सम्मानित किया टी आई रवि ठाकुर को यह पुरस्कार उनके उत्कृष्ट कार्य, अपराध नियंत्रण और जनसेवा में उल्लेखनीय योगदान के लिए दिया गया है।

## नगर परिषद कुरावर में जनगणना कार्य समय से पूर्ण करने पर शिक्षक देवेन्द्र जाटव सम्मानित



**कुरावर।** नप कुरावर क्षेत्र में जनगणना कार्य को सर्वप्रथम एवं सफलतापूर्वक पूर्ण करने पर शिक्षक श्री देवेन्द्र जाटव का सम्मान किया गया। डिप्टी कलेक्टर महोदया डॉ. ज्योति बागबैया, राजगढ़ द्वारा उन्हें प्रशस्ति एवं सम्मान प्रदान कर उनके कार्य की सराहना की गई। इस अवसर पर डॉ. ज्योति बागबैया ने कहा कि जनगणना कार्य शासन की महत्वपूर्ण प्रक्रिया है, जिसे जिम्मेदारी एवं समयबद्धता के साथ पूरा करना आवश्यक होता है। श्री देवेन्द्र जाटव ने पूरी निष्ठा एवं मेहनत से कार्य कर क्षेत्र में उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत किया है। सम्मान प्राप्त होने पर श्री जाटव ने प्रशासन एवं सहयोगी कर्मचारियों का आभार व्यक्त किया।

## मुख्यमंत्री ने निरीक्षक वीरेंद्र सिंह धाकड़ को "रुस्तम पुरस्कार" से किया सम्मानित



**ब्यावरा.** राजधानी भोपाल स्थित रवींद्र भवन में सोमवार को आयोजित एक गरिमामय समारोह में पुलिस विभाग में उत्कृष्ट एवं सराहनीय सेवाओं के लिए निरीक्षक वीरेंद्र सिंह धाकड़ को "के.एफ. रुस्तमजी पुरस्कार" से सम्मानित किया गया। मुख्यमंत्री मोहन यादव ने उन्हें प्रशस्ति पत्र एवं सम्मान प्रदान कर उनके कार्यों की सराहना की। समारोह में प्रदेश के वरिष्ठ पुलिस अधिकारी एवं प्रशासनिक अधिकारी भी उपस्थित रहे। निरीक्षक धाकड़ को यह सम्मान पुलिस विभाग में अनुशासित कार्यशैली, अपराध नियंत्रण, कानून व्यवस्था बनाए रखने तथा जनहित में किए गए उल्लेखनीय कार्यों के लिए प्रदान किया गया। सम्मान प्राप्त होने पर उनके समर्थकों, सहकर्मियों एवं क्षेत्रवासियों में खुशी का माहौल देखा गया। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर कहा कि पुलिस विभाग समाज में सुरक्षा और विश्वास कायम रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है तथा उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारियों को सम्मानित करना अन्य कर्मचारियों के लिए भी प्रेरणास्त्रोत बनता है।निरीक्षक वीरेंद्र सिंह धाकड़ ने इस सम्मान का श्रेय अपने वरिष्ठ अधिकारियों, सहयोगी पुलिसकर्मियों एवं परिवारजनों को देते हुए कहा कि वे आगे भी पूरी निष्ठा और ईमानदारी के साथ अपनी सेवाएं देते रहेंगे।

# खराब प्रदर्शन पर राजगढ़, खिलचीपुर तहसीलदारों को नोटिस किया जारी

### टीएल बैठक में कई योजनाओं की हुई समीक्षा



हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

विभिन्न विभागों की योजनाओं एवं लंबित प्रकरणों के संबंध में कलेक्टर द्वारा अधिकारियों की क्लास लेते हुए कार्यवाहियां की गईं। सीएम हेल्पलाइन प्रकरणों की समीक्षा के दौरान तहसीलदार खिलचीपुर एवं तहसीलदार राजगढ़ के खराब प्रदर्शन एवं समय सीमा बैठक में अनुपस्थित रहने पर कारण बताओ सूचना पत्र जारी करने के निर्देश दिए गए। इसके साथ ही 50 दिवस से अधिक समय से लंबित शिकायतों पर पीएचई के कार्यपालन यंत्री को सख्त निर्देश देते हुए विभागीय ग्रेडिंग में सुधार लाने के निर्देश दिए गए। आधार निर्माण कार्य की समीक्षा करते हुए कलेक्टर डॉ. मिश्रा ने जनपद पंचायतों को आधार शिविरों के बेहतर मोबिलाइजेशन के निर्देश दिए। सभी जनपदों के के सीईओ के लिए अगली टीएल बैठक में आना अनिवार्य किया गया। जिला परियोजना अधिकारी खिलचीपुर एवं राजगढ़ को नवजात एवं नए बच्चों के आधार पंजीयन हेतु प्राथमिकता से मोबिलाइजेशन करने के निर्देश दिए गए। वहीं जिला परियोजना अधिकारी राजगढ़ एवं राजगढ़ जपं सीईओ द्वारा नए आधार निर्माण में अपेक्षित प्रगति नहीं लाने पर नोटिस जारी करने के निर्देश भी दिए गए।

### सार्थक एप से ही हर विभाग में लगे अटेंडेन्स

कलेक्टर ने कहा कि सभी विभागों के अधिकारी, कर्मचारी ऑनलाइन अटेंडेंस लगाना सुनिश्चित करें एवं उसी आधार पर वेतन आहरण किया गया। कलेक्टर डॉ. मिश्रा ने पिछले तीन वर्षों के सड़क दुर्घटना प्रकरणों की जानकारी समय पर उपलब्ध नहीं कराने पर यातायात निरीक्षक को नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। बैठक में पुस्तक वितरण एवं साइकिल वितरण योजनाओं की भी समीक्षा की गई।

## शिक्षा ही देती है जीवन को नई दिशा, लाती है बदलावः सीईओ

### होनहार बच्चों को प्रशासन ने किया सम्मानित



**राजगढ़।** संसाधनों की कमी के बावजूद बोर्ड परीक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदेर्शन करने वाले जिल के होनहार विद्यार्थियों को सोमवार दोपहर जिला पंचायत सभागार में सम्मानित किया गया। प्रशासन द्वारा सभी छात्र-छात्राओं को प्रमाण पत्र एवं स्कूल बैग किट प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं की उपलब्धियों की सराहना करते हुए कलेक्टर डॉ. मिश्रा ने कहा कि छात्रावास में रहकर भी विद्यार्थी अनुशासन, मेहनत और निरंतर अभ्यास के माध्यम से उत्कृष्ट सफलता प्राप्त कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि अपने जीवन के अनुभव साझा किए तथा बताया कि प्रतिस्पर्धा के इस दौर में समय प्रबंधन, नियमित अध्ययन और आत्मविश्वास ही सफलता की सबसे बड़ी कुंजी है। उन्होंने विद्यार्थियों से कहा कि वे छात्रावास में सहभागिता, एकता एवं स्वस्थ प्रतिस्पर्धा की भावना के साथ अध्ययन करें और अपने लक्ष्य निर्धारित कर निरंतर आगे बढ़ते रहें। जिला पंचायत सीईओ डॉ. इच्छित गढ़पाले ने कहा कि शिक्षा ही जीवन को नई दिशा देती है।

### बच्चों से निरंतर सीखने का किया गया आह्वन

अधिकारीगणों ने विद्यार्थियों से निरंतर सीखने और अपने माता-पिता, गुरुजनों एवं जिले का नाम रोशन करने का आह्वान किया। इस अवसर पर डीईओ करण सिंह भिलाला, संयोजक आदिम जाति कल्याण विभाग सुश्री निशा जैन, छात्रावास अधीक्षक गण, वार्डन एवं शिक्षकगण भी मौजूद रहे। कार्यक्रम के अंत में मेधावी विद्यार्थियों ने सम्मान प्राप्त कर प्रसन्नता व्यक्त की तथा कलेक्टर एवं जिला प्रशासन के प्रति आभार जताया।

## सावित्री बाई फुले अवार्ड से नवाजे गए राजगढ़ के राजेश

### राष्ट्रीय स्तर पर रोशन किया जिले का नाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़



शेड्स ऑफ इंडिया मेगजीन द्वारा गत दिवस राजधानी दिल्ली में सावित्री बाई फुले अवॉर्ड-2026 का आयोजन किया गया। राष्ट्रीय स्तर के इस कार्यक्रम में देश भर से उन लोगों का चयन किया गया जिन्होंने किसी एक विधा में उपलब्धियां हासिल की हों। राजगढ़ से 12 किलोमीटर की दूरी पर करेड़ी गांव के राजेश वर्मा का चयन इस सम्मान के चयनित हुए। देश की ख्यात हस्तियों के करकमलों से उन्हें यह अवार्ड प्रदान किया गया। उल्लेखनीय है कि राजेश वर्मा एक अंतर्राष्ट्रीय मॉडल एवं दिव्यांग खिलाड़ी है जिन्होंने मॉडलिंग में कई बार मिस्टर इंडिया का खिताब अपने नाम किया हुआ है और खेलो में भी बढ़-चढ़कर हिस्सा लेते हैं। दोनों पैरों से विकलांगता के बावजूद राजेश ने हार नहीं मानी और दिव्यांगता को अपनी ताकत बनाकर जिले और प्रदेश का नाम राष्ट्रीय स्तर पर रोशन करते आ रहे हैं। मध्य प्रदेश के लिए व्हीलचेयर पर क्रिकेट, फुटबॉल, बास्टकेटबॉल, पंजा कुश्ती, भाला फेंक, गोला फेंक आदि खेल खेलते हैं।

## राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी दिवस पर प्रतियोगिताओं का आयोजन



**सारंगपुर।** राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी दिवस के अवसर पर स्वामी विवेकानंद शासकीय महाविद्यालय सारंगपुर में विशेष व्याख्यान, क्विज एवं पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य ने की। अपने उद्बोधन में प्राचार्य डॉ ममता खोईया ने कहा कि तकनीक आज मानव जीवन का अभिन्न अंग बन चुकी है। भारत ने विज्ञान एवं तकनीक के क्षेत्र में निरंतर प्रगति कर विश्व पटल पर अपनी अलग पहचान बनाई है। उन्होंने विद्यार्थियों को नई तकनीकों का सकारात्मक उपयोग करने एवं नवाचार की दिशा में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। विशेष वक्ता के रूप में भगवान सिंह पाटीदार उपस्थित रहे ।अपने व्याख्यान में राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी दिवस के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि 11 मई 1998 को भारत द्वारा पोखरण में सफल परमाणु परीक्षण किए जाने की स्मृति में यह दिवस मनाया जाता है। उन्होंने बताया कि आधुनिक तकनीक शिक्षा, चिकित्सा, कृषि एवं उद्योग सहित सभी क्षेत्रों में विकास का आधार बन चुकी है। विद्यार्थियों को डिजिटल तकनीक एवं अनुसंधान के क्षेत्र में आगे आने की आवश्यकता है।

इस अवसर पर क्विज एवं पोस्टर प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान कु. शीतल पाटीदार , द्वितीय स्थान साधना शर्मा एवं तृतीय स्थान मिलन देथलिया ने प्राप्त किया।

इसी प्रकार पोस्टर प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने विज्ञान एवं तकनीक से संबंधित आकर्षक पोस्टर प्रस्तुत किए। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान खुशबू माहेश्वरी, द्वितीय स्थान कशिश विश्वकर्मा एवं तृतीय स्थान वंशिका शर्मा को प्राप्त हुआ। कार्यक्रम के अंत में विजेता छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम विज्ञान संकाय के प्रोफेसर डॉ वसीम शेख, डॉ अरुणा सोलंकी, श्रीमती सोनम करोड़िया, डॉ फारुक पठान, डॉ दीप्ति सिसोदिया एवं अन्य स्टाफ तथा छात्र छात्राए उपस्थित रहे ।

नगर पालिका की आर्थिक बदहाली के बीच कर्मचारियों की हड़ताल

# सीएमओ बोले- वसूली में लापरवाही से बिगड़ रहे हालात





हरिभूमि न्यूज ▶▶ ब्यावरा

नगर पालिका के सामने सोमवार को उस समय हलचल का माहौल बन गया, जब नगर पालिका के कर्मचारी वेतन और अन्य लंबित मांगों को लेकर अनिश्चितकालीन हड़ताल पर बैठ गए। कर्मचारियों का कहना है कि उन्हें समय पर वेतन नहीं मिल पा रहा है, जिससे उनके सामने आर्थिक संकट खड़ा हो गया है।

वहीं इस पूरे मामले में मुख्य नगर पालिका अधिकारी (सीएमओ) इकरार अहमद का बयान सामने आने के बाद हड़ताल केवल वेतन का मुद्दा नहीं रह गई, बल्कि नगर पालिका की आर्थिक स्थिति और कर्मचारियों की कार्यप्रणाली पर भी सवाल खड़े हो गए हैं। हड़ताल की सूचना मिलते ही नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि पवन कुशवाह और सीएमओ इकरार अहमद मौके पर पहुंचे। कर्मचारियों को समझाइश देते हुए सीएमओ इकरार अहमद ने साफ कहा कि सफाई कर्मचारियों का कोई वेतन बकाया नहीं है और उन्हें प्रतिमाह नियमित भुगतान किया जा रहा है। ऐसे में उनका हड़ताल पर बैठना अनुचित है और इसे अनुशासनहीनता माना जा सकता है। उन्होंने कहा कि नगर पालिका प्रशासन लगातार कर्मचारियों को समय पर वेतन देने का प्रयास कर रहा है, लेकिन सीमित संसाधनों और आय के मुकाबले बढ़ते खर्च के कारण वित्तीय दबाव बना हुआ है।

### आय-व्यय में आ रहा बढ़ा अंतर

सीएमओ ने नगर पालिका की वित्तीय स्थिति का खुलासा करते हुए बताया कि नगर पालिका को प्रतिमाह करीब 45 लाख रुपए चुंगी क्षतिपूर्ति राशि प्राप्त होती है, जबकि मासिक खर्च 1 करोड़ 10 लाख रुपए तक पहुंच जाता है। इसमें से केवल कर्मचारियों के वेतन पर ही लगभग 85 लाख रुपए खर्च हो जाते हैं। आय और व्यय के इस बड़े अंतर के कारण नगर पालिका लगातार आर्थिक दबाव में काम कर रही है। उन्होंने कहा कि पूर्व में कर्मचारियों का लंबित वेतन भी जारी किया जा चुका है और भविष्य में भी नियमित भुगतान के प्रयास किए जा रहे हैं।

### सीएमओ ने कर्मचारियों की कार्यप्रणाली पर उठाए सवाल

इकरार अहमद ने कर्मचारियों की कार्यप्रणाली पर भी सवाल उठाए। उनका कहना था कि नगर पालिका की आय बढ़ाने में कर्मचारियों की महत्वपूर्ण भूमिका है, लेकिन जलकर और संपत्ति कर की वसूली में अपेक्षित सक्रियता नहीं दिखाई दे रही। नगर पालिका पर वर्तमान में संपत्ति कर का 3 करोड़ 14 लाख रुपए और जलकर का 4 करोड़ 62 लाख रुपए बकाया है। कुल 10 करोड़ 28 लाख रुपए की बकाया राशि में से अब तक मात्र 91 लाख रुपए की वसूली हो पाई है, वह भी अधिकांश राशि नागरिकों द्वारा स्वयं जमा कराई गई है। सीएमओ ने कहा कि यदि कर्मचारी वसूली कार्य में गंभीरता दिखाएं तो नगर पालिका की आर्थिक स्थिति काफी हद तक सुधर सकती है और वेतन भुगतान जैसी समस्याएं स्वतः कम हो जाएंगी। सीएमओ ने जलप्रदाय शाखा के कर्मचारियों को विशेष रूप से चेताया कि मौजूदा समय में शहर 42 से 45 डिग्री तापमान की भीषण गर्मी झेल रहा है। ऐसे में यदि कर्मचारी हड़ताल पर रहते हैं और जलप्रदाय व्यवस्था बाधित होती है तो शहरवासियों को गंभीर परेशानी का सामना करना पड़ सकता है। उन्होंने कहा कि मानवता के नाते कर्मचारियों को इस स्थिति की गंभीरता समझनी चाहिए और शहरहित को प्राथमिकता देनी चाहिए।

### मुद्दा केवल वेतन भुगतान तक सीमित नहीं

नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि पवन कुशवाह ने भी कर्मचारियों से चर्चा कर हड़ताल समाप्त करने की अपील की। उन्होंने कहा कि कर्मचारियों की मांगों को गंभीरता से सुना जाएगा, लेकिन शहर की सफाई और जलापूर्ति जैसी मूलभूत सेवाएं बाधित नहीं होनी चाहिए। कर्मचारियों ने वेतन के अलावा पीएफ राशि जमा कराने, अनुकंपा नियुक्ति और अन्य लंबित मांगों को लेकर भी अपनी बात प्रशासन के सामने रखी। फिलहाल हड़ताल जारी है, लेकिन सीएमओ के बयान के बाद यह मुद्दा केवल वेतन भुगतान तक सीमित नहीं रहा, बल्कि नगर पालिका की वित्तीय चुनौतियों और प्रशासनिक व्यवस्था पर भी चर्चा तेज हो गई है। अब देखना होगा कि प्रशासन और कर्मचारियों के बीच बातचीत से कब तक समाधान निकलता है।